## एक नजर में

### जांगिड़ ब्राह्मण समाज की नई कार्यकारिणी घोषित, सर्वसम्मति से नवीन शर्मा को सौंपी कमान



**नीमच।** श्री जांगिड़ ब्राह्मण समाज, 127 जवाहर नगर नीमच की बैठक में सर्वसम्मति से नवीन शर्मा (रूपम स्टूडियो) को समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। समाज के संरक्षक मंडल में रामेश्वरलाल, छोटेलाल, जगदीश (मगनजी), रामगोपाल, नंदकिशोर, चौथमल, विष्णु (गुरुजी), मोहनलाल, रामचंद्र, हनुमान, सुरेश (चंगेज) एवं रमेश पटेल को शामिल किया गया। सलाहकार मंडल में राधेश्याम, सुरेश लक्ष्मीनारायण, सुरेश बंशीलाल, प्रवीण (जागीरदार), उमेश टीटी, घनश्याम कालूराम, चंद्रप्रकाश छोटेलाल एवं विनोद (गुरुजी) को जिम्मेदारी दी गई। नई कार्यकारिणी में कमल लक्ष्मीनारायण को उपाध्यक्ष, हेमंत कैलाश को कोषाध्यक्ष, महेंद्र (राजू) मोहनलाल को सह-कोषाध्यक्ष, दिलीप रमेशचंद को सचिव तथा गोपाल लक्ष्मण धीर को सह-सचिव नियुक्त किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर महेश छाजूराम, प्रकाश मदनलाल एवं राजेंद्र किशोरीलाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। हेमंत प्रवीण को कार्यक्रम संयोजक, कमल लल्लूप्रसाद को प्रवक्ता व भवन व्यवस्था, बाबूलाल प्रभुदयाल को मंदिर व्यवस्था, चंद्रशेखर (चन्ना) एवं सुनील कैलाश को खेल मंत्री तथा जितेंद्र यशवंत को मीडिया प्रभारी बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सतीश जगदीश, जितेंद्र रामेश्वर, निक्की रमेश, पंकज नंदकिशोर, अमित रामचंद्र, राजू पूरण, राकेश चिरंजीलाल, महेश जुगल, गोपाल त्रिलोकचंद्र, प्रफुल्ल कमल एवं रवि राधेश्याम को शामिल किया गया।

### भारत विकास परिषद की जावद शाखा को किया सम्मानित



**जावद।** सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद की जावद शाखा को आगर मालवा में आयोजित प्रांतीय कार्यशाला में उत्कृष्ट सेवार्थ गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया। मध्य भारत पश्चिम प्रांत की प्रांतीय परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में जावद शाखा के कार्यों की सराहना करते हुए रीजनल एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी, रीजनल महासचिव सुनील अग्रवाल, रीजनल संगठन सचिव सुधीर अग्रवाल तथा प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल, संरक्षक सुनील सिंहल, महासचिव विनोद काला ने जावद शाखा को सम्मानित किया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष महेश सोनी, सचिव दीपेश जोशी, स्थायी प्रकल्प संयोजक अनिल काबरा, समग्र ग्राम विकास संयोजक कैलाश सोनी सहित क्षेत्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आरटीओ चेकपोस्ट पर वीडियो आया सामने, बस चालक से मारपीट और वसूली के दावों को पुलिस ने बताया भ्रामक



**जावद।** नयागांव आरटीओ चेकपोस्ट का एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक बस चालक के साथ मारपीट और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने इन दावों को खारिज करते हुए घटना की अलग कहानी बताई है। वीडियो के साथ दावा किया जा रहा है कि नयागांव बॉर्डर पर तैनात कुछ निजी कर्मचारियों ने एक ट्रैवलर बस चालक के साथ सरेआम मारपीट की। आरोप है कि जब चालक ने नियमों का हवाला दिया, तो उस पर बेल्ट से हमला किया गया। बस में सवार महिलाओं ने भी बीच-बचाव करने की कोशिश की। कुछ यूजर्स ने इस घटना को 'गुंडाराज' बताते हुए मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में पुलिस से संपर्क करने पर एएसआई मंगल सिंह राठौड़ ने वायरल दावों को भ्रामक बताया। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात को एक आयशर ट्रक और ट्रेवल्स की टूरिस्ट बस के बीच हुई हल्की टक्कर से शुरू हुई थी। बैरियर पार करते समय ट्रक का साइड मिरर टूट गया था। इसके बाद, ट्रक चालक ने नुकसान की भरपाई की मांग की। ट्रैवलर बस चालक द्वारा भुगतान से इनकार करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। बस में सवार यात्रियों, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, के कारण मौके पर कुछ देर के लिए हंगामे जैसी स्थिति बन गई थी। ये लोग मध्य प्रदेश से राजस्थान की तरफ जा रहे थे।

### राजेश व्यास बने नीमच के नए एसपी :जल्द संभालेंगे पदभार, अंकित जायसवाल भोपाल रेल एसपी नियुक्यत



**नीमच।** भोपाल से जारी हुई तबादला सूची मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल ने शनिवार देर रात 62 आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की। इस बड़े फेरबदल में कई जिलों के पुलिस प्रमुख बदले गए हैं। इसका मकसद प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करना बताया जा रहा है। नीमच के एसपी बदले इस फेरबदल के तहत नीमच जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को भी बदला गया है। अब 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी राजेश व्यास नीमच के नए एसपी होंगे। अंकित जायसवाल को नई जिम्मेदारी नीमच के वर्तमान एसपी अंकित जायसवाल का तबादला कर उन्हें भोपाल में रेल पुलिस अधीक्षक (एसपी रेल) बनाया गया है। इंदौर से नीमच आएंगे राजेश व्यास राजेश व्यास अभी इंदौर में पुलिस उपायुक्त (इंटेलिजेंस और सुरक्षा) के पद पर काम कर रहे थे। उन्हें बड़े शहर में सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था संभालने का अच्छा अनुभव है, जिसका फायदा अब नीमच जिले को मिलेगा। उम्मीद है कि राजेश व्यास जल्द ही नीमच पहुंचकर अपना कार्यभार संभालेंगे। उनके सामने जिले में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की जिम्मेदारी होगी।

### अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस मनाया गया

नीमच। आर्य समाज, नीमच 3 मई 2026, रविवार को सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस के रूप में मनाया गया। जिसके अंतर्गत आर्य समाज के साथ-साथ आर्य परिवारों में यज्ञ का आयोजन किया गया व सुख, शांति, समृद्धि, यश, कीर्ति प्राप्त करने के लिये विशेष मंत्रों से मानवमात्र के कल्याण की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर आर्य जगत के भामाशाह, पश्चिम बंगाल प्रांतीय सभा के प्रधान डालर वस्त्र उद्योग के स्वामी श्री दीनदयाल जी गुप्ता के दिनांक 02 मई 2026 को आकस्मिक निधन होने पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई व उनके द्वारा आर्य समाज के लिए किये गये कार्यों का स्मरण कर आर्य जगत की अपूर्णीय क्षति हुई है। आचार्य मनोज स्वर्णकार द्वारा बताया कि वे सदैव आर्य समाजों में गुरूकुलों में यज्ञ शाला व गौशाला के लिए मुक्त हस्त से दान दिया करते थे।

## सीबीएन ने दो कार्रवाई में पकड़ा 16 क्विंटल डोडाचूरा

▶ स्लेट-पेंसिल की आड़ में तस्करी, उदयपुर-जावरा से 3 गिरफ्तार



**नीमच। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) नीमच ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने राजस्थान के उदयपुर और मध्य प्रदेश के जावरा में दो अलग-अलग अभियानों में कुल 1621.530 किलोग्राम (16 क्विंटल से अधिक) अवैध डोडाचूरा जब्त किया है। इन मामलों में तस्करी में प्रयुक्त दो टाटा ट्रकों को भी जब्त किया गया है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**

नारकोटिक्स विभाग को सूचना मिली थी कि माफिया चूने और स्लेट पेंसिल जैसे वैध व्यापार की आड़ में नशे की बड़ी खेप को ठिकाने लगाने की तैयारी कर रहे हैं। इस खुफिया जानकारी के आधार पर सीबीएन ने दो दिनों के भीतर ये दो बड़ी कार्रवाईयां कीं। पहली कार्रवाई सीबीएन नीमच और उदयपुर की संयुक्त टीम ने उदयपुर बायपास पर सेक्टर-12 हिरण मगरी के पास की। टीम को सूचना मिली थी कि चित्तौड़गढ़ से एक ट्रक डोडाचूरा लेकर गुजरात की ओर जा रहा है। घेराबंदी कर ट्रक को रोका गया। तलाशी के दौरान, ट्रक के ऊपर चूने की बोरियां भरी हुई थीं, लेकिन नीचे 10 प्लास्टिक बैग्स में 204.130 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। इस मामले में ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है।

दूसरी बड़ी कार्रवाई जावरा-मंदसौर हाईवे पर चुरूवाला दाल मिल के सामने की गई। सीबीएन को इनपुट मिला था कि प्रतापगढ़ (राजस्थान) से भारी मात्रा में नशा महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। टीम ने रात भर हाईवे पर निगरानी रखी और सुबह संदिग्ध ट्रक को रोका। इस ट्रक में ऊपर स्लेट पेंसिल का माल भरा था, जिसकी आड़ में 70 काले प्लास्टिक कट्टों में 1417.400 किलोग्राम डोडाचूरा छिपाया गया था। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

सीबीएन अधिकारियों के अनुसार, दोनों ही मामलों में एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत केस दर्ज किया गया है। विभाग अब तस्करों के पूरे नेटवर्क को खंगाल रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह माल कहां से लाया गया था और आगे किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई की जानी थी।



## मनासा में साप्ताहिक कृषि चौपाल, किसानों को सिखाई पुनर्योजी खेती

▶ अन्नदाताओं को दिया टिकाऊ खेती का मंत्र

**मनासा। किसानों को टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सॉलिडारिडाड संस्था द्वारा क्षेत्र में साप्ताहिक कृषि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से किसानों को पुनर्योजी कृषि के महत्व, लाभ एवं व्यवहारिक तकनीकों की जानकारी दी जा रही है।**

चौपाल में विशेषज्ञों ने मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, जैविक खादों के उपयोग, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, फसल विविधीकरण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर किसानों को जैविक एवं पुनर्योजी पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में पुनर्योजी कृषि के प्रमुख सिद्धांतों जैसे मिट्टी का न्यूनतम हस्तक्षेप, मिट्टी को ढककर रखना, फसल विविधता बढ़ाना, जीवित जड़ों का संरक्षण तथा पशुपालन के एकीकरण पर विशेष जोर दिया गया।

चौपाल में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए और नई तकनीकों को अपनाने में रुचि दिखाई। संस्था प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।




## जादू और अभिनय से स्वच्छता का पाठ : रतनगढ़ में जादूगर ढोंढुराम ने बिखेरे जागरूकता के रंग

**नीमच। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुँचाने के लिए तारापुर के प्रसिद्ध जादूगर ढोंढुराम ने एक अनोखी पहल शुरू की है। वे अपनी कला के माध्यम से जिले के गांव-गांव में स्वच्छता और जल संरक्षण की अलख जगा रहे हैं।**

इसी कड़ी में जादूगर ढोंढुराम रतनगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे, जहां उन्होंने अपने हैरतअंगेज जादू और प्रभावशाली मोनो एक्टिंग के माध्यम से लोगों को स्वच्छता और जल संचय का महत्व समझाया।

रतनगढ़ स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच पहुंचे ढोंढुराम ने हाथ की सफाई (जादू) दिखाते हुए बच्चों को खेल-खेल में स्वच्छता की आदतों और जल संचय की जानकारी दी। बच्चों ने जादू के माध्यम से मिली इस सीख को बड़े उत्साह के साथ ग्रहण किया।

इसके पश्चात उन्होंने नगर परिषद कार्यालय, सब्जी मंडी, बस स्टैंड, जाट रोड और आलोरी गरवाड़ा मार्ग पर उपस्थित ग्रामीणों और राहगीरों को जागरूक किया। उन्होंने अपनी मोनो एक्टिंग के जरिए जल बचाने और आसपास गंदगी न फैलाने का संदेश दिया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने काफी सराहा।

इस अभियान के दौरान नगर परिषद रतनगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती सुगनाबाई कचरूलाल गुर्जर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी खेमचन्द मुसले, नपाकर्मी बालकृष्ण गुर्जर सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने जादूगर ढोंढुराम के इस सामाजिक प्रयास की प्रशंसा की।

## नीमच-सिंगोली-कोटा जल्द दौड़ेगी रेल, 50 वर्ष का इंतजार खत्म

▶ कोटा-नीमच रेल लाइन के फाइनल सर्वे को मंजूरी, विकास को मिला नया ट्रैक



**नीमच। कोटा-रावतभाटा-बेंगू-सिंगोली-नीमच नई रेल लाइन के फाइनल सर्वे को मंजूरी मिलने से बहुप्रतीक्षित परियोजना को रफ्तार मिली है। इस रेल कनेक्टिविटी से राजस्थान और मध्यप्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों के विकास और आवागमन में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है।**

राजस्थान और मध्यप्रदेश के लंबे समय से लंबित रेल कनेक्टिविटी के सपने को साकार करने की दिशा में भारतीय रेलवे ने अहम कदम बढ़ाया है। रेल मंत्रालय ने कोटा-रावतभाटा-बेंगू-सिंगोली-नीमच नई रेल लाइन (201.30 किमी) के अंतिम स्थान सर्वेक्षण (फाइनल लोकेशन सर्वे) को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना के साकार होने से दोनों राज्यों के कई दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों को पहली बार रेल नेटवर्क से जोड़ा जा सकेगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।

रेल मंत्रालय की ओर से सर्वे कार्य के लिए 5 करोड़ 3 लाख 25 हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अंतिम सर्वे पूरा होने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। इसके उपरांत मुख्यालय की स्वीकृति मिलते ही आगामी वर्षों में इस रेल लाइन के निर्माण कार्य को धरातल पर उतारा जाएगा।

**दस लाख लोगों को मिलेगा लाभ**-इस परियोजना से लगभग 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की संभावना है। वर्तमान में यह क्षेत्र मुख्य रूप से सड़क मार्ग पर निर्भर है, जबकि नई रेल लाइन बनने से कोटा और नीमच के बीच की दूरी लगभग 90 किमी तक कम हो जाएगी। इससे यात्रियों को सस्ती, तेज और सुरक्षित यात्रा का विकल्प उपलब्ध होगा।


**उद्योगों और रोजगार की खुलेगी राह**-औद्योगिक और आर्थिक दृष्टि से भी यह रेल लाइन अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस मार्ग पर सीमेंट प्लांट, कोटा थर्मल पावर प्लांट, रावतभाटा परमाणु ऊर्जा केंद्र तथा नीमच की कृषि उपज मंडी जैसे बड़े औद्योगिक केंद्र स्थित हैं। ऐसे में यह रेल लाइन माल परिवहन के लिए भी एक सशक्त माध्यम बन सकती है, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। फाइनल लोकेशन सर्वे की रिपोर्ट तैयार होने के बाद रेलवे की ओर से डीपीआर निर्माण, भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### 50 वर्ष से रेल लाइन की मांग

करीब 50 वर्षों से इस रेल लाइन की मांग क्षेत्रीय जनता की ओर से लगातार उठाई जा रही थी। वर्ष 2014 में तत्कालीन रेल मंत्री ने इस परियोजना के प्रारंभिक सर्वे को मंजूरी दी थी, जबकि वर्ष 2018 में प्रारंभिक सर्वे पूरा कर इसका खाका तैयार किया गया। अब अंतिम सर्वे को स्वीकृति मिलने से यह परियोजना क्रियान्वयन के और करीब पहुंच गई है। प्रस्तावित रेल लाइन राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों राज्यों से होकर गुजरेगी, जिसमें मध्यप्रदेश में लगभग 84 किमी और राजस्थान में करीब 56 किमी का हिस्सा शामिल होगा। इस मार्ग पर जावदा रोड, रतनगढ़, सिंगोली, भैंसरोडगढ़ और जवाहर सागर जैसे प्रमुख स्टेशन प्रस्तावित हैं। साथ ही रावतभाटा क्षेत्र में नया रेलवे स्टेशन विकसित किए जाने की भी योजना है, जिससे रावतभाटा को सीधी रेल सुविधा मिल सकेगी।

## 3 दिन तक तड़पती रही गाय, आधे घंटे में पहुंचा मालिक

▶ उजागर हुई बड़ी लापरवाही, कलेक्टर के सख्त आदेश पर हरकत में आया प्रशासन



**नीमच। शहर में एक बीमार गाय की अनदेखी का मामला सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। नीमच के ओम हॉस्पिटल के पीछे पिछले तीन दिनों से एक गाय गंभीर हालत में पड़ी थी, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली।**

सूचना मिलते ही गऊ सेवा दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और गाय का प्राथमिक उपचार किया। टीम ने गाय के कान में लगे टैग के आधार पर उसके मालिक का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन टैग पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि गाय बगीचा नंबर-4 निवासी काले खां की है।

गौसेवकों ने दिए गए मोबाइल नंबर पर कई बार संपर्क किया, लेकिन मालिक हर बार आ रहा हूं कहकर टालता रहा और मौके पर नहीं पहुंचा। स्थिति गंभीर होती देख गौसेवक पार्थ जोशी ने डायल 112 पर सूचना दी, लेकिन उससे भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी।

इसके बाद गौसेवक मितेश अहीर ने सीधे कलेक्टर हिमांशु चंद्रा को फोन कर पूरे मामले से अवगत कराया। कलेक्टर ने तुरंत सख्त रुख अपनाते हुए पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि मालिक गाय को लेने नहीं आता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

### सामने आई पशुपालक की लापरवाही

प्रशासनिक सख्ती का असर तुरंत देखने को मिला। पशुपालन विभाग हरकत में आया और डॉ. धाकड़ को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने गाय का उपचार किया। वहीं दबाव बढ़ते ही करीब आधे घंटे के भीतर ही मालिक मौके पर पहुंच गया और गाय को टेम्पो में भरकर अपने घर ले गया। इस पूरे मामले में पशुपालन विभाग की लापरवाही भी सामने आई, क्योंकि गाय के कान में लगा टैग फर्जी निकला, जिस पर कोई स्पष्ट जानकारी दर्ज नहीं थी। गौसेवक पार्थ जोशी सहित स्थानीय नागरिकों की सक्रियता से एक बीमार गाय को समय पर उपचार मिल सका, वहीं प्रशासन की सख्ती ने जिम्मेदारों को तुरंत कार्रवाई करने पर मजबूर कर दिया।

## डॉ .गुप्ता को रामपुरा के लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**नीमच।** राजस्थान के माता सरा ग्राम में सन 1933 को जन्मे प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉक्टर राम प्रताप गुप्ता सन 1969 में स्थानांतरण के बाद रामपुरा के कॉलेज में सेवाएं देने आए तब से उनका रामपुरा की माटी से और वहां के रवासियों से ऐसा पारिवारिकनाता हुआ कि वह रामपुरामें ही रंमगये।

उन्होंने रामपुरा की माटी को ही अपने कर्मभूमि बना लिया रामपुरा कॉलेज में सेवाएं देने के साथ-साथ अआपने समाज सेवा के कार्य में अग्रणी भूमिका अदा कि कॉलेज से 1993 में सेवानिवृत्ति के बाद भी आप जब तक स्वस्थ रहे तब तक लगभग 15 वर्षों से भी अधिक समय तक रामपुरा में सेवा कार्यों की अलख जगाते रहे । स्वास्थ्य के चलते बाद में आप उज्जैन परिवार जनों के साथ रहने लगे और अआपने 93 वर्ष की आयु में 2 मई को उज्जैन में ही अंतिम सांस लेकर संसार से विदाई ली।

संसार से जाने के बाद भी आपने अपनी देहमेडिकल कॉलेज को दान करने का निर्णय लिया जो की एक प्रेरणा दायक कार्य है। आपके निधन का समाचार प्राप्त होते ही संपूर्ण अंचल में शोक की लहर व्याप्त हो गई। आपका अवसान रामपुरा नगर के साथ संपूर्ण क्षेत्र के लिए अपूर्णिय क्षक्ति है । डॉक्टर गुप्ता ने रामपुरा नगर में लायंस क्लब के माध्यम से सेवा कार्य प्रारंभ किया। जिसमें टीबी के रोगियों को निशुल्क दवाइयां प्रदान करना, अधत्व निवारण के लिए शिविरों का आयोजन करना, दवाइयां का वितरण करना, निर्धन विद्यार्थियों के लिए सहायता उपलब्ध करवाने के लिए महात्मा गांधी छात्र सहायता समिति की स्थापना करना जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को सहायता प्रधान की जा रही है और प्रावीणयसूची में आने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाता है।

**एक नजर** ▶ **आदिनाथ जिनालय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा आस्था का जन सेलाब**

## धन-संपत्ति, वैभव का वास्तविक स्वामी भगवान : जिनमणिप्रभ सुरीश्वर

**नीमच। हमें धन संपत्ति वैभव सुख समृद्धि कठिन परिश्रम पुरुषार्थ और पुण्य फल के कारण मिलती है और पुण्य फल हमें परमात्मा की भक्ति करने से मिलता है। इसलिए धन संपत्ति वैभव का वास्तविक स्वामी भगवान होता है।**

यह बात खरतरगच्छ गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सुरीश्वरजी ने कही। वे श्री आदिनाथ जिनालय एवं जिन कुशल सूरी खरतरगछ ट्रस्ट नीमच के तत्वाधान में नवनिर्मित आदिनाथ जिनालय मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में ग्वालटोली पुलिया के समीप नवनिर्मित आदिनाथ जिनालय मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित धर्म सभागार कक्ष में उपस्थित समाज जनों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि हम व्यापार या शेयर बाजार में धन लगाते हैं और हमें लाभ मिलता है तो यह हमारे पुण्य से ही हमें प्राप्त होता है और पुण्य भगवान की भक्ति से ही प्राप्त होता है। जीव दया का पालन करने से पुण्य फल बढ़ता है। जो पुण्य फल हमें हमने भगवान से उधार लिया है वह हमें पुण्य फल वापस भगवान के ही धार्मिक सेवा कार्यों में लगाकर लौटना चाहिए तभी हमें वापस पुण्य फल निरंतर मिलता रहेगा।

नवनिर्मित मंदिर में नींव से लेकर शिखर तक जिन्होंने भी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया वह साधुवाद के पात्र हैं। उनकी अनुमोदना करने योग्य है। परमात्मा की भक्ति करने से हमें शक्ति प्राप्त होती है और उस शक्ति के आधार पर हमें पुण्य परमार्थ के सेवा प्रकल्प कार्यों को पूरा करना चाहिए। हमारी आत्मा का कल्याण हो सकता है। इस अवसर पर जीव दया के लिए सभी समाज जनों ने अपने-अपने नाम लिखाए है।

### भजनों पर झुमें श्रद्धालु

इस अवसर पर भायंदर मुंबई नाडोल के जैन संगीतकार भजन गायक अभिषेक एल परमार मुंबई एवं महेश कंसारा पाली मारवाड़ ने केसरिया केसरिया आज हमारा रंग केसरिया ...मंदिर सज गया है प्यारा दादा तुमको आना है मंदिर बड़ा सुहाना दर्शन को रोज आना है म्हारा दादा गुरुदेव घणी खम्मा महावीर स्वामी आदिनाथ की जय जय कार जय जयकार, चौक बुराओ मंगल गाओ आज आनंद उत्तम छाया रे ...आई आई अंजन शलाका आई घर में खुशियां आदि भजनों की प्रस्तुति दी तो श्रद्धालु झुम उठे। इस अवसर पर शंखेश्वर पद्मावती धाम शक्ति नगर श्री संघ की ओर से आगामी प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारने के लिए विनती की गई। इस अवसर पर आचार्य श्री से मंगलीक श्रवण कर सभी श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद ग्रहण किया ।

### धर्म लाभार्थियों का किया सम्मान

24 अप्रैल को प्रतिष्ठा महोत्सव में शाही करबा के धर्म लाभार्थी सुजान मल चंद्रकला विरानी परिवार जनों एवं फले चुन्दड़ी के धर्म लाभार्थी सुनील अनिल सिद्धार्थ अनुज गोपावत परिवार जनो का श्री संघ पदाधिकारीयों द्वारा स्वर्णमाला पगड़ी कुमकुम तिलक लगाकर सम्मान किया गया।